भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-814
दिनांक 23 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

विद्युत पारेषण और वितरण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना

814. डॉ. नामदेव किरसान:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बढ़ती औद्योगिक, खनन और ग्रामीण विद्युतीकरण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नए उपकेन्द्रों के निर्माण और विद्युत लाइनों के उन्नयन सहित विद्युत पारेषण और वितरण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए परियोजनाएं आरंभ की हैं अथवा आरंभ करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनकी अनुमानित लागत, पूरा होने की समय-सीमा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) निर्वाचन क्षेत्र के दूरस्थ और जनजातीय गांवों, विशेषकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ग):

(i) महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 10 वर्षीय दीर्घकालिक योजना (वर्ष 2026-27 से वर्ष 2035-36) में गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अंतः राज्यीय पारेषण प्रणाली (इनएसटीएस) अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए परियोजनाएं शामिल हैं। विशेष रूप से सिरोंचा, हेदरी, इल्लूर (अष्टी), एटापल्ली, अल्लापल्ली तथा कोनसारी क्षेत्रों में प्रस्तावित परियोजनाएं दूरदराज और आदिवासी गांवों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं।

कार्यान्वित की जा रही इनएसटीएस परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** पर है।

(ii) एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा वित्त पोषित महाराष्ट्र पावर डिस्ट्रीब्यूशन एनहांसमेंट प्रोग्राम (एमपीडीईपी) के अंतर्गत ₹ 76.47 करोड़ की अनुमानित लागत के प्रणाली सुदृढ़ीकरण कार्य

और ₹ 11.28 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 66 केवी लेवल एलिमिनेशन स्कीम (विशेष स्कीम) भी गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भी कार्यान्वित की जा रही है।

(iii) वर्तमान में, अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) के अंतर्गत खावड़ा क्षेत्र से नागपुर तक आरई की निकासी हेतु ₹24,819 करोड़ की अनुमानित लागत वाली हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) परियोजना कार्यान्वयनाधीन है, जिसकी निर्धारित वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (एससीओडी) मई, 2029 है। यह परियोजना महाराष्ट्र की भार आवश्यकता को पूरा करने के लिए विद्युत प्रवाह को सुगम बनाएगी, जिसमें पास के चिमूर/गढ़चिरौली क्षेत्र भी शामिल है।

(iv) संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत, गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए संस्वीकृत ₹ 527.81 की अनुमानित लागत वाली परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं।

लो.स.अतारां.प्र.सं. 814

अनुबंध

गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कार्यान्वित इनएसटीएस परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

क्रम सं.	**परियोजना के नाम**	**अनुमानित लागत (करोड़ रुपये में)**	**एससीओडी**
1	नए सबस्टेशन 132 केवी सिरोंचा एस/एस की स्थापना	76.69	मार्च-2028
2	एंड बे के साथ-साथ 32 केवी अष्टी-अल्लापल्ली लाइन पर दूसरी सीकेटी स्ट्रिंगिंग	13.05	मार्च -2027
3	नए सबस्टेशन 132/33 केवी देवरी, जिला- गोंदिया की स्थापना	92.65	मार्च -2028
4	132 केवी मुल सिन्देवाही (30केएम) (आरई) पर दूसरी सर्किट स्ट्रिंगिंग	10.39	मार्च -2028
5	132 केवी ब्रह्मपुरी सिंधवाही (53केएम) (आरई) पर दूसरी सर्किट स्ट्रिंगिंग	7.0	मार्च -2028
6	220 केवी नागभिद एस/एस (1**x**100) एमवीए 220/132 केवी पर आईसीटी संवर्धन।	11.5	मार्च -2029

****